डिजिटल वर्ल्ड ऑफ कुकीज़

प्रीलिम्स के लिये:

गोपनीयता का अधिकार, सेशन कुकीज़, थर्ड-पार्टी कुकीज़, क्रॉस-साइट अनुरोध जालसाजी।

मेन्स के लिये:

उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित चुनौतियाँ, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023।

स्रोत: द हिंदू

चर्चा में क्यों?

जैसे-जैसे लगातार विकसित हो रहा डिजिटल परिदृश्य ऑनलाइन अनुभवों को नया आकार दे रहा है, **कुकीज़ दोहरे एजेंटों के रूप में उभर रही हैं**, जो **वैयक्तिकरण और सुविधा के अपरिहार्य प्रदाता** के रूप में कार्य कर रही हैं, साथ ही यह उपयोगकर्ता की गोपनीयता एवं डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न कर रही हैं।

कुकीज़:

- **परिचय:**
  - कंप्यूटिंग और वेब ब्राउज़िंग के दायरे में आमतौर पर टेक्स्ट फाइलों के रूप में कुकीज़ उपयोगकर्ता के डिवाइस (ब्राउज़र) पर संगृहीत डेटा के छोटे टुकड़े होते हैं।
  - ये **फाइलें उपयोगकर्ता द्वारा देखी** जाने वाली वेबसाइटों द्वारा तैयार की जाती हैं और उनके ऑनलाइन नेविगेशन के दौरान उपयोगकर्ता की बातचीत एवं प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी बनाए रखने के उद्देश्य से कार्य करती हैं।
- **कुकीज़ की श्रेणियाँ:**
  - **सेशन कुकीज़:** प्रकृति में अस्थायी रहने वाली ये कुकीज़ वेबसाइटों के लिये डिजिटल **पोस्ट-इट नोट्स** के रूप में कार्य करती हैं, जो **केवल सक्रिय ब्राउज़िंग सेशन के दौरान** उपयोगकर्ता की कंप्यूटर मेमोरी में रहती हैं।
  - **परसिस्टेंट कुकीज़: डिजिटल बुकमार्क** के अनुरूप परसिस्टेंट कुकीज़ **ब्राउज़िंग सेशन के समापन से परे उपयोगकर्ता के डिवाइस** पर बनी रहती हैं।
    - ये लॉगिन क्रेडेंशियल, भाषा प्राथमिकताएँ और विज्ञापनों के साथ पिछले इंटरैक्शन जैसी सूचना को बनाए रखते हैं तथा याद करते हैं।
  - **सिक्योर कुकीज़: एनक्रिप्टेड कनेक्शन पर उनके प्रसारण द्वारा** प्रतिष्ठित, इन कुकीज़ को मुख्य रूप से संवेदनशील डेटा, जैसे लॉगिन क्रेडेंशियल की सुरक्षा के लिये नियोजित किया जाता है।
  - **थर्ड-पार्टी कुकीज़:** वर्तमान में दिखाई देने वाले डोमेन से भिन्न डोमेन से उत्पन्न, इन कुकीज़ को अक्सर **ट्रैकिंग और विज्ञापन उद्देश्यों के लिये नियोजित किया जाता है,** जो उपयोगिता तथा घुसपैठ की क्षमता दोनों प्रदान करते हैं।
- **कुकीज़ की भूमिका:**
  - **उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण: डिजिटल पहचान पत्र** के रूप में कार्य करते हुए कुकीज़ वेबसाइटों को उनकी यात्राओं के दौरान उपयोगकर्ता लॉगिन स्थितियों को पहचानने और संरक्षित करने में सहायता करती हैं।
  - **वैयक्तिकरण:** कुकीज़ भाषा चयन और वेबसाइट विषयों को शामिल करते हुए उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को बनाए रखने में सक्षम बनाती हैं।
  - **लगातार शॉपिंग कार्ट:** ये सुनिश्चित करते हैं कि ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट में जोड़ी गई सामग्रियाँ बाद में रिटर्न कर दिये जाने के बावजूद पर भी **पहुँच योग्य** रहें।
  - **एनालिटिक्स:** कुकीज़ वेबसाइट मालिकों को **उपयोगकर्ता इंटरैक्शन से संबंधित मूल्यवान डेटा के संग्रह** में सहायता करती है, जिससे संवर्द्धन और अनुरूप सामग्री वितरण की सुविधा मिलती है।
  - **लक्षित विज्ञापन:** विज्ञापनदाता ऐसे विज्ञापनों को प्रदर्शित करने के लिये कुकीज़ का उपयोग करते हैं जो उपयोगकर्त्ता की रुचियों और **विगत ब्राउज़िंग इतिहास से मेल खाते हैं, जिससे ऑनलाइन शॉपिंग का आकर्षण बढ़ता** है।

- **संबद्ध चुनौतियाँ:**
    - **गोपनीयता संबंधी चिंताएँ:** कुकीज़ में उपयोगकर्ता के ऑनलाइन व्यवहार को ट्रैक करने की क्षमता होती है, जिससे डिजिटल गोपनीयता में संभावित घुसपैठ के बारे में चिंताएँ बढ़ जाती हैं।
        - जो कुकीज़ पर्याप्त रूप से संरक्षित नहीं हैं, उनका उपयोग साइबर अपराधियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच प्राप्त करने और उसे चुराने के लिये प्रवेश बिंदु के रूप में किया जा सकता है।
        - **क्रॉस-साइट अनुरोध जालसाजी** (**Cross-Site Request Forgery- CSRF**) के माध्यम से, साइबर अपराधी किसी **उपयोगकर्ता की सहमति के बिना उसकी ओर से अनधिकृत कार्य करने के लिये कुकीज़ का उपयोग** कर सकते हैं।
    - **कुकीज़ की अत्याधिकता: समय के साथ, जैसे जैसे एक उपयोगकर्त्ता बहुत सारे वेबसाइट पर विज़िट करता है, उसके डिवाइस पर पर कुकीज़ इकट्ठे होते जाते हैं, इससे वे स्टोरेज क्षमता को कम करते हैं और अंततः ब्राउज़िंग की गति को धीमा कर देते हैं।**
    - **यूज़र एक्सपीरियंस पर प्रभाव: कुकीज़** की वजह से विभिन्न वेबसाइटों द्वारा अनेकों प्रकार की सहमति का अनुरोध किया जाना उपयोगकर्त्ता के ब्राउज़िंग अनुभव को प्रभावित कर सकता है।

आगे की राह

- **वैयक्तिकरण और गोपनीयता के बीच संतुलन बनाना:** उपयोगकर्त्ताओं को अपनी कुकीज़ प्राथमिकताओं को अनुकूलित करने की क्षमता प्रदान की जानी चाहिये।
    - उपयोगकर्त्ताओं को, **उनके डेटा का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है** (भारत के **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के अनुसार**), **कौन-सी कुकीज़ सक्रिय हैं, और संबंधित लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करने के लिये** , वैयक्तिकृत/पर्सनलाईड्ज़ गोपनीयता डैशबोर्ड की सुविधा प्रदान की जानी चाहिये।
    - **कुकीज़ की समाप्ति तिथि निर्धारित करने में** यूज़र की सहमति तथा उनका डेटा कितने समय तक सहेजा और उपयोग किया जा रहा है, इस पर उनका अधिक नियंत्रण होना चाहिये।
- **उपयोगकर्त्ता जागरूकता**: उपयोगकर्त्ताओं को जागरूक करने के लिये **वेबसाइट को कुकीज़ और वेबसाइट की कार्यक्षमता तथा प्रदर्शन में उनके महत्त्व के विषय में** स्पष्ट व सरलता से समझने योग्य जानकारी प्रदान करनी चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-world-of-cookies